Rajasthan Technical University, Kota
राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा

Rawatbhata Road, Akelgarh Kota – 324010
Ph No.-0744-2473014, 2473931 email- examdegreecell@rtu.ac.in

No. F(27)/RTU/Exam/XIV Convocation/2025/ 5977-83 Dated: 03/01/2025

अति–आवश्यक

1. **डीन, फेकल्टी अफेयर्स**
   यू.डी., आरटीयू, कोटा
2. **प्राचार्य / निदेशक**
   समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय
   राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय
   कोटा (राज0)

विषय :–विश्वविद्यालय के चतुर्दशः (XIV) दीक्षान्त समारोह–2025 के डिग्री डाटा अपडेट करने के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश।

महोदय,

विश्वविद्यालय का चतुर्दशः (XIV) दीक्षान्त समारोह शीघ्र ही आयोजित किया जाना प्रस्तावित है, जिसमें सत्र 2023–24 में (वर्ष 2024 उत्तीर्ण बैच) उत्तीर्ण विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की जावेगी। वर्ष 2024 उत्तीर्ण बैच एवं उससे पूर्व उत्तीर्ण बैच के विद्यार्थियों का डिग्री डाटा अपडेट करने हेतु विश्वविद्यालय पोर्टल पर क्रियाशील है। इस संबंध में निम्न दिशा–निर्देशों की पालना किया जाना सुनिश्चित करें:–

1. विश्वविद्यालय द्वारा चतुर्दशः (XIV) दीक्षान्त समारोह में सत्र 2023–24 में (वर्ष 2024 उत्तीर्ण बैच) उत्तीर्ण विद्यार्थियों (passout students) को नियमानुसार डिग्रियां एवं गोल्ड मेडल प्रदान किये जाएंगे। साथ ही सत्र 2023–24 व उससे पूर्व के उत्तीर्ण बैच (passout batches) के ऐसे विद्यार्थी जिन्होने अपने समस्त बकाया पेपर उत्तीर्ण कर लिए है तथा दिनांक 31 जनवरी, 2025 तक समेकित अंकतालिका (consolidate mark-sheet) एवं प्रोविजनल सर्टिफिकेट प्राप्त कर लेते है, को भी डिग्रियां प्रदान की जानी प्रस्तावित है।

2. वर्ष 2024 (2023–24) बैच तक के उत्तीर्ण विद्यार्थियों का डिग्री डाटा विश्वविद्यालय पोर्टल पर क्रियाशील है। उक्त दीक्षान्त समारोह में जिन छात्रों को समेकित अंकतालिका (consolidate mark-sheet) तथा प्रोविजनल सर्टिफिकेट दिनांक **31 जनवरी, 2025** तक जारी होगें, उन्ही विद्यार्थियों को चतुर्दशः (XIV) दीक्षान्त समारोह में डिग्री प्रदान की जावेगी। कॉलेज द्वारा योग्य विद्यार्थियों का डिग्री डाटा ऑनलाईन पोर्टल पर अपडेट करने की अंतिम तिथि **10 फरवरी, 2025** नियत की गई है। अतः नियत तिथि तक योग्य छात्रों का डिग्री डाटा आवश्यक रूप से जोडना / अपडेट सुनिश्चित करें।

3. समस्त सम्बद्ध कॉलेजों एवं यू. डी., आरटीयू को सूचित किया जाता है कि ऐसे विद्यार्थी जिन्होने अपना कोर्स पूर्ण कर लिया है लेकिन समेकित अंकतालिका (consolidate mark-sheet) तथा प्रोविजनल सर्टिफिकेट प्राप्त नही किया है, को सूचित कर विश्वविद्यालय / कॉलेज से उक्त

Rajasthan Technical University, Kota
राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा
Rawatbhata Road, Akelgarh Kota – 324010
Ph No.-0744-2473014, 2473931 email- examdegreecell@rtu.ac.in

दस्तावेज प्राप्त करवाकर ऑनलाईन पोर्टल पर उनका डिग्री डाटा में नाम जोडना/अपडेट करना सुनिश्चित करें।

4. विश्वविद्यालय पोर्टल पर कॉलेज के माध्यम से नियमानुसार उत्तीर्ण एवं योग्य विद्यार्थियों के डिग्री डाटा में विद्यार्थी का सही नाम (अंग्रेजी एवं हिन्दी दोनों भाषा में), नामांकन संख्या, फोटो, उत्तीर्ण वर्ष, उत्तीर्ण श्रेणी, ब्रांच का नाम (अंग्रेजी एवं हिन्दी दोनों भाषा में), कॉलेज का नाम (अंग्रेजी एवं हिन्दी दोनों भाषा में) बहुत ही सावधानीपूर्वक चैक करते हुए डिग्री डाटा को अपडेट करना सुनिश्चित करें। इस प्रक्रिया में कॉलेज स्तर पर किसी भी प्रकार की लापरवाही पायी जाती है तो उसके लिए संबंधित कॉलेज पूर्ण रूप से उतरदायी होगा।

5. विद्यार्थियों का डिग्री डाटा अपडेट करते समय कॉलेज द्वारा यह सुनिश्चित किया जाना अत्यन्त आवश्यक है कि जिन छात्रों का डिग्री डाटा पोर्टल पर उपलब्ध है अथवा नया नाम जोडा जा रहा है, उसके द्वारा समस्त सेमेस्टरों के समस्त पेपर (सैद्धांतिक, प्रायोगिक, लेब, सत्रांक, इत्यादि) उत्तीर्ण कर लिये गये है। यदि डिग्री डाटा पोर्टल पर किसी ऐसे छात्र का नाम भी आ रहा है जिसका कोई/कुछ पेपर बकाया चल रहे है, उसका डिग्री डाटा हटाने के लिए तत्काल हेल्प लाईन को सूचित कर उसे हटवाना सुनिश्चित करें। साथ ही तदनुसार संबंधित छात्र को भी सूचित करना सुनिश्चित करें। इस संबंध में कोई लापरवाही प्रतीत होती है तो संबंधित कॉलेज उसके लिए उतरदायी होगा।

6. विश्वविद्यालय द्वारा चतुर्दशः (XIV) दीक्षान्त समारोह के सत्र 2023–24 में (वर्ष 2024 उत्तीर्ण बैच) उत्तीर्ण विद्यार्थियों (passout students) की प्रोविजल मेरिट लिस्ट यथा–समय विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर प्रकाशित की जावेगी। इस संबंध में पृथक से दिशा–निर्देश जारी किये जावेंगे।

अतः विश्वविद्यालय के चतुर्दशः (XIV) दीक्षान्त समारोह–2025 के डिग्री डाटा अपडेट करने के संबंध में उक्त दिशा–निर्देशों की कठोरता से पालना करना सुनिश्चित करें।

(प्रो.विवेक पाण्डेय)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

1. निजी सचिव, माननीय कुलपति महोदय
2. चीफ प्रोक्टर, यूडी, आरटीयू, कोटा
3. सहायक कुलसचिव (परीक्षा गोपनीय–द्वितीय)
4. सहायक कुलसचिव (परीक्षा आयोजन)
5. सहायक कुलसचिव, अनुभाग अधिकारी (परीक्षा)
6. डाटा प्रोसेसिंग एजेन्सी, आरटीयू, कोटा
7. रक्षित पत्रावली

(सत्यपाल यादव)
सहायक कुलसचिव (परीक्षा)

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर